विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों से हुई नए साल की शुरुआत

वर्धा। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से नए वर्ष की शुरुआत की। विद्यार्थियों ने अलग अलग भाषा में काव्य पाठ किया और देश के अलग अलग राज्यों के लोकगीतों की प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम रचना समय के अंतर्गत किया गया। रचना समय जनसंचार विभाग का कार्यक्रम है जिसमें विभाग के विद्यार्थी एवं शोधार्थी प्रत्येक शुक्रवार को अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा उन्हें देश की संस्कृति से जोड़ना है।

देश की एकता को दर्शाते हुए एम.फिल. के विद्यार्थी गौरव चौहान ने बुंदेलखंडी लोकगीत, एम.ए चतुर्थ छमाही की छात्रा अमिता शिंदे ने महाराष्ट्र गौरव गान, रुचि पांडे ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत, महेश कुली ने असमिया लोक गीत और पूजा पाठक ने भोजपुरी लोकगीत गाया। कुमारी नेहा, राम नरेश, अनमोल, शानु झा, दीपिका रानी, ऋषभ उपाध्याय, रोहित तिवारी आदि ने स्वरचित अथवा महान कवियों द्वारा रचित कविताओं का पाठ किया। इस कार्यक्रम की संयोजक पीएचडी शोधार्थी गरिमा राय एवं सह संयोजक एम.ए. की विद्यार्थी शानू झा एवं बी.ए. के रोहित तिवारी हैं। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रो. अनिल कुमार राय, सहायक प्रोफेसर डॉ. अख़्तर आलम, डॉ. रेणु सिंह तथा विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एम.ए चतुर्थ छमाही की छात्रा प्रिया बागरे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गरिमा राय ने किया।

Photo caption

रचना समय में लोकगीत प्रस्तुत करते विद्यार्थी